आज

www.ajhindidaily.com रांची, २२ अक्तूबर, २०१६

इक्फाई विवि में स्पोकन ट्यूटोरियल आधारित स्व-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

रांची। इक्फाई विवि झारखंड तथा आईआईटी मुंबई के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ जिसमें छात्रों के लिए कोर आईटी एवं गैर आईटी विषयों पर '' स्पोकेन ट्यूटोरियल आधारित स्व-प्रशिक्षण प्रदान करने का निर्णय किया गया है। यह प्रशिक्षण छात्र अपनी सुविधा के अनुसार हिंदी या अंग्रेजी में ले सकते हैं। प्रशिक्षण के बाद छात्रों का ऑनलाइन मूल्यांकन आईआईटी मुंबई से होगा एवं सफल छात्रों को प्रमाणा पत्र दिया जाएगा। इस मौके पर विवि के कुलपति प्रो.आरएस.राव ने कहा कि इस तरह का आईआईटी मुंबई द्वारा प्रशिक्षण से हमारे छात्रों को आईटी में गहरी क्षमता मिलेगी तथा उन्हें रोजगार पाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर बोलते हुए आईआईटी मुंबई के स्वप्निल मोर ने कहा कि प्रशिक्षण पहल आईआईटी मुंबई का मानव विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वित्त प्रेषित है, जिसमें छात्रों को नि:शुल्क आईटी प्रशिक्षण दिया जाता है।

छाया : दिवाकर

दैनिक भास्कर

रांची, शनिवार 22 अक्टूबर, 2016 | 6

इक्फाई विवि और आईआईटी के बीच एमओयू

रांची | इक्फाई यूनिवर्सिटी झारखंड और आईआईटी मुंबई के बीच शुक्रवार को एमओयू हुआ। इसके तहत छात्रों को आईटी और गैर आईटी विषय पर स्पोकेन ट्यूटोरियल आधारित प्रशिक्षण दिया जाएगा। स्टूडेंट्स अपनी सुविधानुसार हिंदी और अंग्रेजी में प्रशिक्षण ले सकते हैं। वीसी प्रो. ओएस राव ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से छात्रों की कम्युनिकेशन स्किल बेहतर होगी।

हिन्दुस्तान

इक्फाई का आईआईटी मुंबई के साथ एमओयू

रांची। इक्फाई विवि और आईआईटी मुंबई के बीच एमओयू हुआ है। इसके तहत कोर आईटी और गैर आईटी विषयों पर स्पोकेन ट्यूटोरियल आधारित प्रशिक्षण दिया जाएगा। कुलपति प्रो ओआरएस राव ने कहा कि छात्र अपनी सुविधा अनुसार हिन्दी या अंग्रेजी विषय में पढ़ाई कर सकते हैं। इससे उन्हें सूचना तकनीक की गहरी समझ मिलेगी। रोजगार पाने में आसानी होगी।

the pioneer
RANCHI | SATURDAY | OCTOBER 22, 2016

ICFAI UNIVERSITY SIGNS MOU WITH IIT-B

ICFAI University, Jharkhand on Friday signed an MOU with IIT, Bombay to impart 'Spoken Tutorials based Self-training' to its students on core IT and non-IT subjects. Training can be taken in English or Hindi as per the convenience. After the training, students will be assessed online by IIT, Bombay faculty and certificates will be given to successful students.